हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 मार्च 2026

13 धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व, घरों में...


14 ऐतिहासिक ढोसी पर्वत पर जिले के पहले 'रोप-वे' का...




## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में तस्कर।

### नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

महेंद्रगढ़। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना शहर पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर 15 के मोहल्ला गोसाईयां निवासी अमित, लालगिरी मंदिर के पास बैठकर स्मैक बेचने का काम कर रहा है। इस सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां पुलिस पार्टी को देखकर आरोपित ने खिसकने का प्रयास किया, लेकिन उसे तत्परता से काबू कर लिया गया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया, ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ली गई तलाशी के दौरान आरोपित अमित की जींस से एक माचिस की डिब्बी बरामद हुई, जिसके अंदर से स्मैक की 10 छोटी पूड़िया मिलीं। मौके पर ही इलेक्ट्रॉनिक कांटे का प्रबंध करके जब इनका वजन किया गया, तो कुल एक ग्राम 97 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर होगा जागरण व भंडारा

**मंडी अटेली।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन मौके पर अटेली क्षेत्र के गांव उनिन्दा स्थित हनुमान मंदिर में द्वितीय विशाल जागरण रात्रि एक अप्रैल एवं देसी घी के भंडारे का आयोजन दो अप्रैल को किया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों द्वारा इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं, जिसमें श्रद्धालुओं को देसी घी से बने प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार होंगे। रात्रि जागरण में प्रसिद्ध कलाकार कौशल भोजावासिया एंड पार्टी भजनों की प्रस्तुति देंगी।

# जिले की 21 प्रमुख गैस एजेंसियों के पास कुल 9482 सिलेंडर में से 5453 की डिलीवरी सुनिश्चित, 4029 क्लोजिंग बैलेंस

**एलपीजी आपूर्ति को लेकर पैनिक न हों नागरिक, जिले में पर्याप्त स्टॉक: उपायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले के नागरिकों को आश्वस्त किया है कि जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड में निगरानी रख रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक बुकिंग न करें। उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई इसमें संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




नारनौल। गैस एजेंसी का निरीक्षण करते सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में गैस का स्टॉक उपलब्ध है। 25 मार्च को जिले की 21 प्रमुख गैस एजेंसियों के पास कुल 9482 सिलेंडर का स्टॉक मौजूद था, जिसमें से उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार 5453 सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में भी जिले में लगभग 4029 सिलेंडरों का क्लोजिंग बैलेंस उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त विभिन्न तेल कंपनियों के प्लांट से लगातार नई सप्लाई प्राप्त हो रही है। जिससे आने वाले दिनों में भी आपूर्ति निर्बाध बनी रहेगी। शादियों व अन्य सरकारी कार्यों के लिए भी मांग के अनुसार कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन का मुख्य ध्येय उपभोक्ताओं को उनके घर द्वार पर ही समय पर गैस उपलब्ध करवाना है, जिसके लिए टीमें निरंतर कार्य कर रही हैं।

### गैस एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण

सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी ने अपनी टीम के साथ जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों और गोदामों का दौरा किया। इस टीम में निरीक्षक रवि कुमार, कुलदीप शर्मा और शुभम भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने देवेंद्र गैस एजेंसी, इन्फैंट्री गैस सर्विस, कृष्णा गैस एजेंसी और शहीद लाल सिंह गैस सर्विस का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं को समझाया कि विभाग होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसलिए वे पैनिक न हों। उन्होंने कहा कि गोदाम से डिलीवरी लेने पर उपभोक्ता केवल निर्धारित राशि 896 रुपये ही दें। उन्होंने एजेंसी संचालकों को हिदायत दी गई कि वे उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही गैस पहुंचाएं और केवल आपातकालीन स्थिति में ही गोदाम से डिलीवरी दें। साथ ही सभी एजेंसियों को प्रतिदिन का रूट चार्ट चस्पा करने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीणों को पता रहे कि उनके क्षेत्र में गाड़ी किस दिन आएगी।

## निर्धारित सीटों से अधिक होते हैं एनरोलमेंट

# नांगल चौधरी के कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में दाखिलों की मारामारी

- पहले साल प्राचार्य विजय सिंह ने ग्रामीणों की दहलीज पर मांगे एक-एक दाखिले
- अनुशासन व शैक्षणिक व्यवस्था से अभिभावक उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

एक तरफ विभागीय शिक्षण संस्थाएं छात्र संख्या घटने की समस्या से जूझ रही हैं। दूसरी ओर नियामतपुर मौरूंड में स्थापित कस्तुरबा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय में दाखिलों की मारामारी रहने लगी है। जहां 2020 में जीरो छात्र संख्या थी, लेकिन प्राचार्य विजय सिंह ने कार्यभार संभालते ही स्टॉफ कर्मियों को साथ लेकर ग्रामीणों की दहलीज पर एक एक दाखिले मांगे। इसके बाद अनुशासन व सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था पर फोकस किया। जिसके संस्था को सुखद परिणाम मिले और बालिकाओं में दाखिलों की मारामारी की स्थिति बन गई।





नांगल चौधरी। कस्तुरबा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय में पौधारोपण करती छात्राएं व बालिकाओं के लिए पार्क की सिंचाई करते प्राचार्य विजय सिंह।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में निधारित 100 सीटों पर 110 छात्राओं का एनरोलमेंट किया गया है।

आपको बता दें कि प्राचार्य विजय सिंह ने करीब 29 साल तक विभागीय स्कूलों में बतौर नियमित शिक्षक सेवाएं दी है। नांगल नूनिया की राजकीय मिडिल स्कूल से 2020 में सेवानिवृत्ति होने पर उन्होंने 2021 में कस्तुरबा गांधी राजकीय बालिका विद्यालय का एचकेआरएन स्कीम से प्राचार्य का कार्यभार संभाला। उस दौरान विद्यालय में संसाधन, भवन तथा स्टॉफ उपलब्ध था, लेकिन पोर्टल पर एनरोलमेंट संख्या जीरो दर्ज थी। गांव में सरकारी तथा निजी शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। इसके अलावा 20 से अधिक निजी स्कूलों की बसें बच्चों को पिकअप करने आती हैं। चिंतित प्राचार्य विजय सिंह ने स्टॉफ कर्मियों की बैठक बुलाई तथा अगले ही दिन गांव में डोर टू डोर जनसंपर्क का प्रपोजल तैयार किया। इस दौरान ग्रामीणों को सकारात्मक शिक्षा व्यवस्था देने और सख्त अनुशासन व्यवस्था का आश्वासन दिया, लेकिन अधिकांश अभिभावकों ने प्राचार्य के आग्रह को स्वीकार नहीं किया तथा मुश्किल से 55 दाखिले संभव हो पाए। इसके बाद प्राचार्य ने पंजीकृत छात्राओं के अनुशासन और पढ़ाई व्यवस्था पर जोर दिया। जिससे उत्साहित अभिभावकों ने विचारधारा को बदला और बेटियों के दाखिलों पर सहमत हुए। दूसरे साल शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 15 दिनों में निर्धारित 100 सीटें भर गई। बीते सत्र में 100 सीटों पर 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए तथा प्राचार्य पर प्रवेश के लिए दबाव बनने लगा। अभिभावकों की सुविधा के लिए उन्होंने विभाग से अतिरिक्त दाखिलों की अनुमति मांगी। संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार 110 प्रवेश बढ़ाने की एक वर्षीय मंजूरी मिल पाई है।

### विद्यालय की सीटें फ्लिप, 35 में खाली

विभागीय जानकारी के अनुसार सरकार ने प्रदेशभर में 36 ब्लॉकों में कस्तुरबा गांधी बालिका राजकीय विद्यालय स्थापित किए हैं। केवल नियामतपुर विद्यालय में दाखिलों की मारामारी बनी है। अन्य 35 संस्थाओं में 15 से 20 सीटें खाली रहने की रिपोर्ट है। हालांकि विद्यालय की गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी है, जहां सुनसान रास्ता होने के बावजूद छात्राओं के हौंसले बुलंद हैं।

### मेरिट पर होंगे दाखिले

विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में छठी कक्षा के दाखिले होते हैं। निर्धारित 30 दाखिलों के लिए बीते दिनों प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। जिसमें 85 छात्राओं ने परीक्षा को क्वालिफाई किया है। अब मेरिट के अनुसार प्रवेश देना संभव हो पाएगा। उन्होंने बताया कि बीते सत्र में विभाग की विशेष अनुमति ने 10 अतिरिक्त दाखिले कर लिए थे। छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा, अनुशासन तथा सुविधाओं को कुशलता पूर्वक संचालन करना प्राथमिकता है।

### इजराइल भेजे जा रहे युवाओं को लेकर बसपा ने जताई चिंता

**मंडी अटेली।** बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बीच हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए इजराइल भेजने की प्रक्रिया पर गंभीर चिंता जताई है।

बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए युवाओं की सुरक्षा और उनका भ वि ष य सर्वोपरि होना चा हि ए । युद्धग्रस्त क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एक जोखिम भरा कदम है, जिससे युवाओं के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा सरकार को इस प्रकार का कोई भी निर्णय लेने से पहले मौजूदा हालात का गहन विश्लेषण करना चाहिए। केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि युवाओं को सुरक्षित वातावरण मिले और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।

- युवाओं को सुरक्षित माहौल में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाए

बसपा ने सरकार से मांग की है कि इस मामले में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया जाए तथा युवाओं को सुरक्षित और स्थिर माहौल में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

# श्री महासर धाम मूवी का पोस्टर मुख्यमंत्री सैनी ने किया लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

श्री महासर माता प्रोडेक्शन के सानिध्य में बनी श्री महासर धाम मूवी का पोस्टर मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा चंडीगढ़ स्थित सीएम आफिस में लांच कर दिया गया है। यह फिल्म शीघ्र ही अप्रैल में सिनेमा हालों में दिखाई जाएगी। यह मूवी महासर माता की महिमा पर आधारित है। फिल्म की शूटिंग महासर माता मंदिर व आसपास के गांवों में होने के साथ मुंबई के कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया गया है। फिल्म के निर्माता भामाशाह श्रीधर गुप्ता, सहनिर्माता दीपक अग्रवाल, हुक्म चंद कादमवाला, निर्देशक सन्नी अग्रवाल, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर संतोष पंसारी, कथा रमन द्विवेदी की है। फिल्म में प्रमुख कलाकारों में रामायण में सीता का रोल करने वाली दीपिका चीकलिया, अलिसेंद्र मिश्रा, रेखा वशिष्ठ, एमडी देशी राक स्टार, पुष्कर सैनी, अमित सैनी सहित स्थानीय कलाकार हैं।



मंडी अटेली। महासर धाम मूवी का पोस्टर लांच करते सीएम नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

यह फिल्म दो घंटे की होगी। फिल्म के निर्माता श्रीधर गुप्ता व निर्देशक सन्नी अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने पर उन्होंने फिल्म को टैक्स फ्री, अनुदान व प्रिमियर पर उपस्थित होने की बात कही है।

### अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर बैठे किसान

**लोहारू।** लोहारू के लघु सचिवालय परिसर में 254 दिनों से अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर बैठे किसानों ने कहा कि बेमौसमी बरसात और आंधी के कारण किसानों की गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हुई है तथा सरकार को विशेष गिरदावरी करके किसानों को नुकसान का मुआवजा प्रदान करे। किसानों ने सरकार से क्षतिपूर्ति पोर्टल भी खोले जाने की मांग की। किसान नेता रामफल देशवाल व मेवासिंह आर्य ने कहा कि बेमौसमी बरसात और तेज आंधी ने किसानों की गेहूं और सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है तथा सरकार को इसकी विशेष गिरदावरी करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलें और पीड़ित किसानों को इसका मुआवजा देना चाहिए। नंदलाल दहिया ने मनरेगा योजना को पुनः बहाल करने की मांग की।

# माता भूरा भवानी मंदिर में की मां महागौरी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

माता भूरा भवानी मंदिर में चैत्र नवरात्र के आठवें दिन महाअष्टमी को माता दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की गई। पुजारी धर्मदत्त जोशी व रतन लाल शर्मा ने बताया कि अष्टमी के दिन श्वेत वस्त्र और बैल की सवारी करने वाली मां महागौरी (अन्नपूर्णा रूप) की पूजा से जीवन के सभी पाप, दुःख और कष्ट दूर होते हैं। श्रद्धालु इस दिन सफेद रंग या पीले रंग कपड़े पहनकर, नारियल या हलवा-पूरी का भोग लगाकर माता को प्रसन्न करते हैं। माता भूरा भवानी मंदिर में सिसोठ, रिवासा व महेंद्रगढ शहर से लगातार तीसरे दिन भी श्रद्धालु महिला के अलग अलग जत्थे अपने हाथों में ध्वजा लेकर डीजे के साथ माता की जय जयकार लगाते हुए माता के दरबार में पहुंची, महंत शक्तिनाथ महाराज ने उनका स्वागत किया एवं उनकी ध्वजा माता रानी के चरणों अर्पित करवाकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद दिया। सभी भक्तजनों ने माता की पूजा-अर्चना की। मंदिर कमेटी के पूर्व प्रधान एवं संरक्षक प्रेमचंद सिसोठिया, प्रधान संदीप यादव ने मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों को मेले में व्यवस्था बनाने, खेल करवाने एवं भंडारे में बैठाकर प्रसाद ग्रहण करवाने में अपना पूरा सहयोग देने में कमेटी सदस्यों को जिम्मेवारी दी गई है, उसकों ईमानदारी और निष्ठां से निभाने के लिए अपील की।



महेंद्रगढ़। मंदिर में ध्वज लेकर जाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### जानलेवा हमला करने के मामले में दो पकड़े

**भिवानी।** पुलिस थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने व्यक्ति को घर से बुलाकर पार्क में जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विकास निवासी बवानी खेड़ा ने



थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई कि पांच मार्च की रात करीब 9:00 बजे उसके मोबाइल फोन पर आरोपी राजेश का कॉल आया, जिसने किसी कार्य के बहाने उसे देवीलाल पार्क, बवानी खेड़ा में बुलाया। जब वह पार्क में पहुंचा तो आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर ईंट से वार किया था।

थाना बवानी खेड़ा में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को बवानी खेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोमबीर पुत्र धर्मचंद निवासी वार्ड नंबर 15 बवानी खेड़ा व राजेश पुत्र जगदीश निवासी वार्ड नंबर 15 बवानी खेड़ा के रूप में हुई है।

**परेशानी** | कई ट्रेन रहेंगी आंशिक रद्द व कईयों के मार्ग परिवर्तित रहेंगे

# जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड पर खैरथल-पड़ीसल स्टेशनों के मध्य आरयूबी लॉन्चिंग कार्य के चलते रेलसेवा रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल के जयपुर-रेवाड़ी रेलखंड के खैरथल-पड़ीसल स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या 95 व पड़ीसल-अलवर स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या 106 पर आरयूबी लॉन्चिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

**आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से):** गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 10 मई को जयपुर से प्रस्थान करेगी, यह अलवर तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा अलवर-रेवाड़ी स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 10 मई को रेवाड़ी के स्थान पर अलवर से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा रेवाड़ी-अलवर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

***मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से):*** गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा नौ मई को भुज से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत रेलसेवा 10 मई को जोधपुर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग डेगाना-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जयपुर-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14661 बाडमेर-जम्मूतवी रेलसेवा 10 मई को बाडमेर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग डेगाना-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग डेगाना-रतनगढ-लोहारू-रेवाड़ी होकर संचालित होगी।




नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी- बाडमेर रेलसेवा नौ मई को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-डेगाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-लोहारू-रतनगढ़-डेगाना होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 10 मई को बरेली से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19566 देहरादून-ओखा रेलसेवा 10 मई को देहरादून से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी।

### नौ मई को पोरबंदर से प्रस्थान करेगी गाड़ी संख्या 2093

गाड़ी संख्या 20937 पोदबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा नौ मई को पोरबंदर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत रेलसेवा 10 मई को दिल्ली कैंट से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-डेगाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12916 दिल्ली-साबरमती रेलसेवा 10 मई को दिल्ली से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी।

खबर संक्षेप



## डॉ. राजेंद्र सैनी प्रदेश सचिव नियुक्त

**नारनौल।** राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सैनी ने डॉ. राजेंद्र सैनी को प्रदेश सचिव हरियाणा नियुक्त किया है। जिस पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समाज के विभिन्न वर्गों ने उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी सभा हरियाणा के जिला अध्यक्ष संजय सैनी व उपाध्यक्ष राजेश सैनी ने डॉ. राजेंद्र सैनी को बधाई दी। उन्होंने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

## जाट सभा की बैठक 29 मार्च को

**नांगल चौधरी।** बहरोड़ रोड पर स्थित जाट धर्मशाला में जाट सभा की बैठक 29 मार्च को आयोजित होगी। जिसमें वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत करने के बाद कार्यकारिणी के पुनर्गठन पर विचार विमर्श किया जाएगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने की रूपरेखा बनाई जाएगी। प्रधान जोगेंद्र सिंह छिल्लर ने बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो जाएगा। नई कार्यकारिणी का गठन करने की प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी। उन्होंने समाज के प्रत्येक जागरूक लोगों को संगठन की मजबूती में योगदान देने का संदेश दिया।

### मंदिरों में रही भीड़, श्रद्धालुओं ने की मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना

# धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व, घरों में हुआ कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नवरात्र के समापन पर वीरवार को क्षेत्र में रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने घरों में कंजक पूजन कर अपने व्रत का समापन किया, वहीं मंदिरों में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए। कंजकों को हलवा, पूड़ी, चना प्रसाद खिलाया गया। श्रद्धालुओं ने कंजकों के पैरों को धोकर माथे पर रोली का तिलक किया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। नवरात्र का व्रत रखने वाले श्रद्धालु कंजक पूजन के लिए सुबह से प्रसाद बनाकर तैयारियों में जुट गए। गलियों व मोहल्लों में कंजकों को बुलाने का सिलसिला चलता रहा। व्रत रखने वाले श्रद्धालु कंजकों को विनती कर अपने घर भोजन कराने के लिए ले जा रहे थे। कन्या पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने कंजकों को टिफिन, पानी की बोतलें, प्लेट, कटोरी, पेन-पेंसिल व बिस्किट-नमकीन के पैकेट दिए। कंजकों को भेंट में रुपये भी दिए गए। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के वार्डों व मोहल्लों में नवमी पर देवी भक्तों ने मां सिद्धीरात्री की विधिवित तरीके से पूजा-अर्चना की। इसके बाद कंजकों को भोजन करवाकर व्रत खोलने की परंपरा निभाई। मगर कई भक्तों को व्रत खोलने की परम्परा निभाने के लिए 8-9 कंजकों की व्यवस्था करने में ही काफी समय लगा। देवी का स्वरूप मानी जाने वाली कन्याओं को ढूंढने में उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा।



**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला खोजावाड़ा में भोजन करती कन्याएं। फोटो : हरिभूमि

### देवी मंदिरों में दुर्गा के नौवें रूप की पूजा की

रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। साथ ही देवी मंदिरों में दुर्गा के नौवें रूप को पूजा गया, जिन्हें सिद्धिदात्री के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि सिद्धिदात्री आध्यात्मिक और ध्यान संबंधी शक्तियों की दाता हैं और उन्हें कमल पर विराजमान दिखाया जाता है। इसके साथ ही, इस दिन की महत्ता महिषासुर के वध से जुड़ी हुई है, जो महानवमी के रूप में प्रसिद्ध है। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति से पूजा अर्चना की, जबकि कई स्थानों पर कंजक पूजन और धार्मिक आयोजन भी किए गए। गली, सड़क किनारों पर भक्तों ने स्टॉल लगाकर भोग प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरीत किया।

### सुख-समृद्धि की कामना की

## रामनवमी पर भक्ति की बही सरिता भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर



**मंडी अटेली।** राधा कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**मंडी अटेली।** रामनवमी के पावन अवसर पर कस्बे के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस शुभ दिन पर राजगढ़िया परिवार की ओर से भजन-कीर्तन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने भगवान श्रीराम के भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति में ऐसे लीन नजर आए कि "जय श्रीराम" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। रामनवमी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, जो हमें सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिनका जीवन त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों का प्रतीक है। इस मौके पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान राम के चरणों में अपनी आस्था अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।



**नांगल चौधरी।** शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ कार्यक्रम में हवन करते एमडी अमित यादव। फोटो : हरिभूमि

### एक अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र

## सरस्वती स्कूल में हवन से किया नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

- धार्मिक वातावरण के बीच आचार्यों ने किया मंत्रोच्चारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ विधिवत हवन यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में धार्मिक वातावरण के बीच आचार्यों ने मंत्रोच्चारण किया तथा सभी के सुख, समृद्धि और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या वंदना यादव ने बताया कि भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत हवन पूजन से की जाती है। हवन के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जन कल्याण की भावना को बल मिलता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### स्कूल में आधुनिक तकनीक व संसाधनों का विशेष प्रबंध

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल में आधुनिक तकनीक और संसाधनों का विशेष प्रबंध किया गया है। सभी कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बनाया जा सके। इसके साथ ही विद्यार्थियों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए रोबोटिक लैब की स्थापना की गई है। जहां वे नई तकनीकों को सीख सकेंगे। विद्यालय में अंग्रेजी भाषा के महत्व को देखते हुए अंग्रेजी सेल की भी व्यवस्था की गई है। दयाराम यादव ने कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है, विशेषकर मल्टीनेशनल कंपनियों में अच्छे पैकेज पर रोजगार प्राप्त करने के लिए यह अहम भूमिका निभाती है।

## गुरुकुल स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा 29 मार्च को



**नांगल चौधरी।** दी गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आगामी 29 मार्च को स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा का उद्देश्य मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर अवसर प्रदान करना है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह परीक्षा कक्षा तीन से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। स्कूल प्राचार्या निर्मला चौधरी ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। विद्यालय की ओर से विशेष रूप से एक क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन कर विद्यार्थी आसानी से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक घंटे की इस परीक्षा में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, सामान्य ज्ञान व विषयगत समझ का आंकलन किया जाएगा। विद्यालय के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए बसों की नि :शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## कपूरी में ठेका की आड़ में चल रहे शराब के अवैध कारोबार का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

- ठेके के सेल्समैन को गिरफ्तार कर देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की

सदर थाना क्षेत्र के गांव कपूरी में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ा प्रहार करते हुए सीआईए ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। बीती रात की गई इस छापेमारी में शराब ठेके के बगल से शराब के जखीरे का पर्दाफाश किया गया है। सीआईए व आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। जिसमें ठेके के सेल्समैन को गिरफ्तार कर देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की गई है। सेल्समैन मोहित निवासी कपूरी की ओर से ठेके के बराबर में लोहे के टीनशेड में अवैध रूप से शराब का भंडारण किया हुआ था। ठेके की आड़ में उस अवैध शराब को बेच भी रहा था। इस दौरान टीम ने कुल 115 पेटी से अधिक अवैध शराब अपने कब्जे में ली है। जिसमें देशी शराब, अंग्रेजी शराब व बीयर भी शामिल है।

बताया जा रहा है कि यह शराब कई जिलों से लाकर एकत्रित की गई थी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपित सेल्समैन मोहित ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाइसेंस वाले ठेके की आड़ में शराब के अवैध कारोबार को गति दे रहा था।

## सोलर ऊर्जा अपनाना समय की जरूरत: विधायक

- सोलर ऊर्जा के नए कार्यालय का किया उद्घाटन

**महेंद्रगढ़।** माजरा चुंगी के नजदीक सोलर ऊर्जा के नए कार्यालय का उद्घाटन विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सोलर ऊर्जा शोरूम संचालक सोनू यादव और गजेंद्र ने विधायक कंवर सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि आज के समय में सोलर ऊर्जा न केवल बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सोलर सिस्टम अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ ऊर्जा का मार्ग प्रशस्त करें। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जानकारी दी गई कि दो किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा लगभग 60,000 तक की सब्सिडी दी जाती है, जबकि राज्य सरकार द्वारा करीब 50,000 तक की अतिरिक्त सहायता मिलती है। इससे गरीब परिवार बहुत कम खर्च में सोलर सिस्टम लगवाकर लगभग मुफ्त बिजली का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर कैप्टन सुरेश कुमार माजरा खुर्द, प्रवीण माजरा, मनोज कुमार, रंग राव, जयपाल, सुभराम, श्यामलाल, अशोक बालरोडिया, राजेश, मुकेश सरपंच बालरोड, रामसिंह, पंकज सरपंच खेड़ी तलवाना, संदीप तंवर खेड़ी, रामोतार, हैप्पी शर्मा, कृष्ण मास्टर, मनोज कुमार पोता, सुधीर आदि उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** कार्यालय का शुभारंभ करते विधायक।

## सूरज कॉलेज की छात्रा साक्षी ने विवि में पाया चौथा स्थान

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी ज्योग्राफी के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि एमएससी ज्योग्राफी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा साक्षी पुत्री भूपेन्द्र सिंह चरखी दादरी ने 9.31 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में चौथा स्थान एवं कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में प्रिया पुत्री अभय सिंह ने 8.69 एसजीपीए लेकर कॉलेज में द्वितीय एंव प्रिया पुत्री सुखपाल ने 8.62 एसजीपीए लेकर कॉलेज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रविना कुमारी पुत्री तेजपाल सिंह ने 8.54 एसजीपीए, सोनू पुत्र मुकेश सिंह 8.38 एसजीपीए, आरती पुत्री कैलाश कुमार 8.31 एसजीपीए, मीनाक्षी पुत्री मुकेश कुमार 8.15 एसजीपीए, पूनम पुत्री राजेश कुमार एवं पारूल पुत्री प्रेमचंद ने 8.00 एसजीपीए प्राप्त किया। वहीं कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



साक्षी



प्रिया



प्रिया

## महंत स्वामी विट्ठलगिरी को राष्ट्र गौरव अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गुढ़ा गांव में आयोजित सम्मान समारोह में आश्रम हरि मंदिर पटौदी जिला गुरुग्राम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव व महंत लक्ष्मण गिरी गोशाला बूचावास के महंत स्वामी विट्ठल गिरी को राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड उनके समाजसेवा, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, युवा विकास, महिला सशक्तिकरण, साहित्य, कृषि, खेल, गोसेवा व सनातन धर्म मूल्यों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट व सराहनीय योगदान के लिए दिया गया।

गांव गुढ़ा में आयोजित भव्य समारोह में प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो नेताजी अतरलाल एडवोकेट ने स्वामी धर्मदेव व स्वामी विट्ठल गिरी को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। अतरलाल ने कहा कि स्वामी धर्मदेव व स्वामी विट्ठल गिरी का जीवन समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। दोनों संतों ने अपनी विचारों व कार्यों से पूरे समाज को एक नई दिशा प्रदान करने का कार्य किया है। इस मौके पर पूर्णचंद बिड़ला, रतन सिंह चेयरमैन, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, पूर्णचंद मक्कड़, धर्मपाल दीक्षित, सरपंच विरेन्द्र आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** स्वामी धर्मदेव को राष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित करते अतरलाल एडवोकेट।

## दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश करते हुए दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नेशनल ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों में नेशनल टॉपर बनकर असाधारण उपलब्धि हासिल की है। वछात्र गीतांक पुत्र राकेश ने विज्ञान विषय में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, जयेश पुत्र विनोद ने लॉजिकल रीजनिंग में नेशनल टॉपर बनकर अपनी अद्भुत बुद्धिमत्ता और विश्लेषण क्षमता का परिचय दिया। इस उपलब्धि के लिए दोनों विद्यार्थियों को 21000-21000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विनोद कुमार यादव एवं प्रधानाचार्य अनिल मुखिजा ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



विजेता छात्र गीतांग व जयेश।

## पटीकरा में माता की चौकी सम्पन्न



**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में बुधवार रात्रि माता रानी की चौकी महिपाल यादव के निवास स्थान गांव पटीकरा में सम्पन्न हुई। दरबार व्यवस्था प्रमुख प्रवीण यादव ने मैया का सुंदर दरबार सजाया। माता रानी की चौकी में मुख्य यजमान महिपाल यादव सपत्नीक रहे। कार्यक्रम पुरोहित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन किया। रात्रि जागरण में डॉ. सुभाष पटीकरा, परमानंद वर्मा, नवीन वशिष्ठ, अजय शर्मा, संतोष सैनी, नरेंद्र बंशी, जयप्रकाश अग्रवाल, कार्तिक ने माता रानी, श्याम बाबाजी के भजनों के मधुर गुणगान कर भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर क्लब प्रधान राकेश यादव, टिटू सोनी, उपप्रधान सुरेंद्र यादव, सुनील शर्मा, प्रवीण यादव, श्रीचंद सैनी, ललित सैनी, रवि खन्ना ने मुख्य यजमान महिपाल यादव व उनके परिवार को माता रानी का स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तजनों ने मिलकर आरती की।

### नवनिर्मित श्रीराम शिव सनातन मंदिर में आयोजित किया गया समारोह

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गुढ़ा में निकाली कलश व शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव गुढ़ा में नवनिर्मित श्रीराम शिव सनातन मंदिर में वीरवार को मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा की गई। इस समारोह से पूर्व कलश व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पारंपरिक वेशभूषा व बीन बांसुरी तथा ढोल नगाड़ों के बीच महिलाओं, बच्चों, पुरुषों ने हिस्सा लिया। मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर धर्मदेव थे। वहीं अतिविशिष्ठ अतिथि महंत लक्ष्मण गिरी गोशाला के संचालक स्वामी विट्ठलगिरी व विशिष्ठ अतिथि स्वामी कैलाश दास के अलावा रतन सिंह चेयरमैन, अतरलाल, नम्बरदार राजेंद्र सिंह, रमन शास्त्री, सुरेश पलटा, प्रदीप गेरा, प्रताप सिंह, महावीर सिंह, सरपंच वीरेंद्र सिंह, हरिचंद गुलाटी थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी धर्मदेव ने कहा कि करीब 20 वर्ष पूर्व वे यहां आए थे, उस समय यहां पर पुराना मंदिर भवन था। आज मंदिर के इस स्थान को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है, जहां मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है।

ग्रामीणों को यहां पर पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व में अलग तथा सर्वोच्च है। हमारी संस्कृति ने दुनिया को चलना सिखाया है। सनातन धर्म की विजय पताका फहरा रही है। उन्होंने बताया कि सालभर से चार बार नवरात्र आते हैं, जिनमें दो गुप्त रहते हैं और दो प्रकट होते हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को नवरात्र के मौके पर इस समारोह का आयोजन किया गया है, जिसका बड़ा महत्व है।





**कनीना।** गुढ़ा में मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के मौके पर उपस्थित स्वामी धर्मदेव व गांव गुढ़ा में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### भंडारे का आयोजन

मंदिर कमेटी की ओर से रवि छाबड़ा, डॉ. नरेंद्र गेरा व पीसी बिरला ने बताया कि शुक्रवार को सुबह सवा आठ बजे पूजा अर्चना कर हवन किया जाएगा। इसके बाद 11 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्ताएदिल्ली होंगे। उन्होंने बताया कि आचार्य डॉ. लोकेश भारद्वाज, ललित भारद्वाज, राकेश कौशिक, रवि शास्त्री, संजय कौशिक, सोमदत्त कौशिक, हर्षित, राजकुमार व प्रवीन शर्मा की ओर से अनुष्ठान कराया जाएगा। इस मौके पर सूबेदार अशोक यादव, सुरेंद्र सिंह, मुरलीधर अग्रवाल, रामकिशन, राजेंद्र छाबड़ा, दलीप सिंह, द्वारकेश गुलाटी, राजू मक्कड़, पूर्णचंद मक्कड़, डॉ. संजय, सुनील कुमार नम्बरदार, अजय कुमार, प्रदीप सिंह, कालू बिरला आदि उपस्थित थे।

*करीब 58 करोड़ की लागत से दो साल में महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट तैयार होगा*

# ऐतिहासिक ढोसी पर्वत पर जिले के पहले 'रोप-वे' का निर्माण शुरू, पर्यटन व विकास को लगेंगे पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले ढोसी पर्वत पर अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। यहां जिले के पहले रोप-वे (रस्सी मार्ग) के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है। करीब 58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक विकास को भी नई दिशा देगा।

बता दें कि गांव कुलताजपुर स्थित ढोसी तीर्थ स्थल पर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नींव खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस प्रोजेक्ट को लगभग दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रोप-वे के माध्यम से करीब 8 किलोमीटर की पहाड़ी दूरी महज आधे घंटे में तय की जा सकेगी, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष राहत मिलेगी। यह प्रोजेक्ट 23 अक्टूबर 2021 को हैलीकॉप्टर से ढोसी पर्वत पहुंचे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की घोषणा का परिणाम है, जिसे अब धरातल पर उतारा जा रहा है। वहीं, पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव के प्रयासों को भी इस योजना के पीछे अहम माना जा रहा है। उन्होंने लंबे समय से ढोसी पर्वत को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया है। कुल मिलाकर, ढोसी पर्वत पर रोप-वे परियोजना क्षेत्र के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकती है। यह न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर को संवारने का काम करेगी, बल्कि पर्यटन, रोजगार और आर्थिक विकास के नए द्वार भी खोलेगी। आने वाले समय में ढोसी पर्वत हरियाणा ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी एक अलग पहचान बना सकता है।


नारनौल। रोप वे निर्माण के लिए खोदी जा रही नींव। फोटो : हरिभूमि

**सावन में लगता है मेला**
यहां हर साल सावन मास के पहले सोमवार को भव्य मेला लगता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। श्रद्धालु पर्वत पर स्थित पंच कुंडों में पवित्र स्नान कर देवी-देवताओं के दर्शन करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यहां स्नान और पूजा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। रोप-वे बनने से श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

इस परियोजना से पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। अभी तक कठिन चढ़ाई के कारण कई लोग ढोसी पर्वत जाने से हिचकते थे, लेकिन रोप-वे बनने के बाद यह सफर आसान और रोमांचक हो जाएगा। इसस राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटक भी आकर्षित होंगे। पर्यटन बढ़ने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। स्थानीय युवाओं को गाइड, होटल, परिवहन, खानपान और अन्य सेवाओं में रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को भी सीधा लाभ पहुंचेगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### हेल्थ-वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बन सकेगा

डा. अभय सिंह यादव के अनुसार, ढोसी पर्वत पर भविष्य में विश्व स्तरीय नेचुरल थैरेपी सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इस सेंटर के शुरू होने से देशी और विदेशी पर्यटक प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेने यहां पहुंच सकेंगे। इससे ढोसी पर्वत एक धार्मिक स्थल के साथ-साथ हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म का भी प्रमुख केंद्र बन सकेगा।

**अत्यंत प्राचीन है महत्व:** ढोसी पर्वत का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। यह स्थान महर्षि च्यवन की तपोभूमि के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध है।

### नएचएलएमएल व सीआरएसपीएल मिलकर करेंगे निर्माण

ऐतिहासिक ढोसी पर्वत पर बनने वाले रोप-वे प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य दो प्रमुख कंपनियों—नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) और सीआरएसपीएल द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस परियोजना को आधुनिक तकनीक और सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके। दोनों कंपनियों के सहयोग से यह रोप-वे परियोजना निर्धारित दो वर्ष की समयावधि में पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण के दौरान पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि ढोसी पर्वत की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व प्रभावित न हो।

---

## खबर संक्षेप


नारनौल। बाजार में गश्त के दौरान पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने शहर में की पैदल गश्त

**नारनौल।** आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने व शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत पुलिस की टीम ने शहर के मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों व पार्कों का दौरा किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में शांति बनाए रखना और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों व जवानों ने संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों और उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस मुस्तैद है और भविष्य में भी इस तरह के गश्त अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### सलूनी में बाबा भैया का मेला 1 अप्रैल को

**नारनौल।** गांव सलूनी में एक अप्रैल को बाबा भैया का मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रिकेट खिलाड़ी विनोद कुमार ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी नेशनल स्तर, कुश्ती प्रमुख रूप से शामिल हैं। कबड्डी व वॉलीबॉल में प्रथम पुरस्कार क्रमशः 31000 व 21000 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार 21000 व 11000 रुपये निर्धारित किए गए हैं, जबकि कुश्ती 50 रुपये से लेकर 11000 रुपये तक की करवाई जाएगी। मेले में विशेष आशीर्वाद सेवादास महाराज महंत बाबा भैया आश्रम सलूनी का प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव तथा अतिविशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार शिरकत करेंगे। बाहर से आने वाली टीमों के रहने व भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

---

### एनसीईआरटी की बजाए महंगी किताबों में कमीशनखोरी का चल रहा खेल


**प्राइवेट स्कूलों की मनमानी जारी**

# फीस के साथ किताबों में भी लूट अभिभावकों पर 'दोहरी मार'

**प्राइवेट स्कूलों पर जानबूझकर हर साल सिलेबस बदलने का आरोप**

राजकुमार ▶▶| नारनौल

शहर सहित आसपास के क्षेत्र में अधिकांश प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक बुरी तरह परेशान हैं। जहां एक ओर अनेक प्राइवेट स्कूल मोटी फीस वसूल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पाठ्य पुस्तकों के नाम पर भी खुली लूट मचाई जा रही है। स्थिति यह है कि बच्चों की पढ़ाई अब आम परिवार के बजट से बाहर होती जा रही है और अभिभावक आर्थिक दबाव में कराहने को मजबूर हैं। अभिभावकों का आरोप है कि प्राइवेट स्कूल हर साल जानबूझकर सिलेबस बदल देते हैं। इससे पिछले साल की किताबें पूरी तरह बेकार हो जाती हैं और उन्हें हर बार नई किताबें खरीदनी पड़ती हैं। पहले जहां बड़े भाई-बहनों की किताबें छोटे बच्चे इस्तेमाल कर लेते थे, अब यह व्यवस्था पूरी तरह खत्म कर दी गई है। इससे सीधे तौर पर अभिभावकों की जेब पर सीधा 'डाका' पड़ रहा है।


CLASS VI (SKT)

| S. No | SUBJECT | PUBLISHER | PRICE |
|---|---|---|---|
| 1 | ENGLISH | SRIJAN (ROOTS AND WINGS) | 599 |
| 2 | ENGLISH GR. | LEARNING HILL(BLUEBIRD) | 598 |
| 3 | HINDI | FUTUREKIDS (ज्ञानालोक) | 485 |
| 4 | HINDI GR. | PRACHI (हिंदी व्याकरण) | 440 |
| 5 | MATHS | BHARTI BHAWAN (RS AGGARWAL) | 405 |
| 6 | SCIENCE | S.CHAND (JOURNEY THROUGH SCI) | 430 |
| 7 | SOCIAL SCIENCE | VIVA | 515 |
| 8 | G.K. | NAVDEEP PUBLICATIONS (KBC) | 350 |
| 9 | COMPUTER | UOLO (HEXA) | 459 |
| 10 | SKT | SURVI BOOKS | 365 |
| 11 | MAP | SURVI BOOKS | 100 |
| 12 | DIARY | SCHOOL | 120 |
| | | Total | 4866 |
| | | Discount | 486 |
| | | TOTAL | 4380 |

नारनौल। एक प्राइवेट स्कूल द्वारा अभिभावक को थमाया गया किताबों का बिल।

### शिक्षा व्यवसाय नहीं : न्यायालय

गौरतलब है कि देश में अधिकांश व्यवसाय लाभ कमाने के उद्देश्य से चलाए जा सकते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां कानून, नीतियों या नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार "सेवा भाव" को प्राथमिकता दी जाती है और मुनाफाखोरी पर नियंत्रण या सीमाएं तय की गई हैं। इन पर सामाजिक जिम्मेदारी लागू होती है। इनमें शिक्षा को सर्वोपरि रखा गया है और शिक्षा को सेवा का क्षेत्र माना गया है। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों (जैसे टीएमए पाई केस) में कहा गया है कि "शिक्षा व्यवसाय नहीं है"। निजी चैरिटेबल अस्पताल, कोऑपरेटिव सोसायटी, बिजली वितरण, पानी सप्लाई, सार्वजनिक परिवहन, फार्मेसी और आवश्यक दवाइयां, धार्मिक संस्थान आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें सेवा को ऊपर रखा गया है।

### एनसीईआरटी की किताबें लागू



प्राइवेट स्कूलों में भी एनसीईआरटी लागू है। स्कूलों में कमर्शियल कार्य नहीं कर सकते। यह मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा करते हैं तो गलत है। अभी सेशन स्टार्ट ही हो रहा है। जांच करवाएंगे। बीईओ की ड्यूटी लगाएंगे। यदि कोई दोषी मिला तो कार्रवाई करेंगे।
—विश्वेश्वर कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी, नारनौल।

### अभिभावक बोले-प्राइवेट स्कूलों को खुली छूट

- एक छात्र के अभिभावक (दादा) शेरसिंह यादव ने बताया कि उनका पौत्र सीबीएसई से जुड़े प्राइवेट स्कूल की छठी कक्षा में पढ़ता है। स्कूल द्वारा उसे किताबों की एक लिस्ट दी गई। वह किताबें शहर में किसी भी दुकान पर उपलब्ध नहीं थी। मजबूर होकर उन्हें स्कूल में जब वे किताबें लेनी पड़ी तो उनकी कीमत 4380 रुपये सुनकर बड़ा अचरज हुआ और गुस्सा भी आया। सरकार एक तरफ तो छोटी कक्षाओं के बच्चों के बैग के वजन को कम करने की बात कहती है, वहीं प्राइवेट स्कूल किताबों एवं ड्रेस के नाम पर छात्रों को मजबूर करते हैं।
- एक अन्य महिला अभिभावक शालिनी ने बताया कि उसकी बिटिया महज चौथी क्लास में हुई है और उसकी किताबों के 3298 रुपये वसूले गए हैं और स्लीप भी दी गई है। कमाल की बात है कि हर साल सैलेब्स रिपीट करने की बजाए चेंज कर दिया जाता है और किसी के काम नहीं आता। यह सरासर कालाबाजारी है। प्राइवेट स्कूलों ने पढ़ाई को महंगा कर दिया है। अभिभावकों पर यह कहर की तरह है तथा इससे अभिभावकों की कमर टूट रही है।
- नमृता सिंह ने कहा कि शिक्षा एक बाजार बन चुकी है, जिसमें अभिभावक और शिक्षक दोनों का भरपूर शोषण हो रहा। अभिभावक महंगी कीमत चुका रहा है और शिक्षक मात्र 5–7 हजार रुपये में आठ–आठ पीरियड पढ़ा रहा है।
- सचिन अग्रवाल ने कहा कि देश में शिक्षा और हेल्थ दोनों पर अगर सरकार गंभीर हो जाए और मनमर्जी खत्म कर फीस और किताब कॉपी पूरे देश की एक कर दे तो भारत देश में आम इंसान को 50 प्रतिशत तक कर्जे मुक्त कर सकता है।
- मुनेश शर्मा ने सरकारी स्कूलों की पैरवी करते हुए कहा कि शिक्षा बिल्कुल महंगी नहीं है। अनिवार्य शिक्षा के रूप में कक्षा 8वीं तक सरकारी विद्यालय में प्राप्त की जा रही है। वहां शिक्षा के साथ–साथ खाना, ड्रेस भी मुफ्त में मिलते हैं।
- दीपक कुमार ने बताया कि 90 प्रतिशत प्राइवेट स्कूल जो चल रहे हैं, वह सब नेताओं एवं प्रभावशाली लोगों के स्कूल हैं। ये सभी किसी न किसी पार्टी में बड़ा चेहरा हैं। सबकी मिलीभगत है। ये सब शिक्षा माफिया हैं।
- राजीव कुमार ने कहा कि एक्शन तो हर पेरेंट्स को लेना होगा। इसके लिए कोई नेता या कोई भगवान नहीं आएगा। कालाबाजारी करने कर हर स्कूल का जो रूल बन गया है, हर सेक्शन में एडमिशन फीस लेना और सैलेब्स चेंज करने का। इस पर सभी पेरेंट्स को एकसाथ होकर अपने–अपने शहर के हर स्कूल में विरोध करें।

---

# गेट पास काटने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग


नारनौल। मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल यादव को ज्ञापन सौंपते हुए।

- दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन ने मार्केट कमेटी चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन अनाज मंडी का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल यादव से उनके कार्यालय में मिला। इस अवसर पर मार्केट कमेटी की ओर से गेटपास काटने की कठिन प्रक्रिया को सरल बनाने बाबत ज्ञापन दिया। मार्केट कमेटी सदस्य बद्रीप्रसाद गर्ग ने बताया कि हाल ही में मार्केट कमेटी की ओर से ई खरीद पर मंडी में आने वाले किसानों के गेटपास के लिए उनका आधार कार्ड, मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करवाना पड़ेगा व किसान के मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, उसके बाद ही गेटपास कटेगा, जोकि किसानों को परेशान करने वाला साबित होगा।

ज्ञापन में कहा कि कई बार एक ही ट्रैक्टर ट्रॉली में चार से पांच पांच किसान एक साथ अपना उत्पादन मंडी में भेज देते हैं व ट्रैक्टर वाले ड्राइवर को ही कह देते हैं कि आप बेच आना। ऐसी सूरत में किसके नंबर पर ओटीपी जाएगा। दुनिया में अनेक फ्रॉड होने की वजह से आम आदमी ओटीपी बताने से डरता है। बाजार में बिकने वाली जींस का रजिस्ट्रेशन पहले से नहीं होता है। इस कारण जींस का रजिस्ट्रेशन गेट पर ही करवाना पड़ेगा, उसमें काफी समय लग जाता है, जिसमें किसान का समय काफी बर्बाद होगा।

### समाधान की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि खरीद में सरकार कोई भी नियम लागू कर दे, किसी व्यापारी व किसान को कोई आपत्ति नहीं, लेकिन जो जींस बाजार में खुली नीलामी पर बिकती है, उसका गेटपास पूर्व की तरह किसान के नाम व पता लेकर काट दिया जाए, इससे सरकार को किसी प्रकार की हानि नहीं होगी, पूरी मार्केट फीस आएगी। अन्यथा किसान अपना माल राजस्थान के अनाज मंडी में लेकर जाएगा। जिससे हरियाणा सरकार को मार्केट फीस का नुकसान होगा। जिस पर चेयरमैन ने आश्वासन दिया समस्याओं से सरकार को अवगत कराकर समाधान करवाया जाएगा।

---

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा गया

- पीड़ित छात्रा और परिजनों ने न्यायिक कार्रवाई की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भाई के कथित दोस्त ने एक नाबालिग छात्रा से न केवल दुष्कर्म किया, बल्कि उसे बदनाम कर देने की भी धमकी दी। डरी छात्रा ने आखिरकर बार बार परेशान करने से तंग होकर सारी बात अपनी मां को बता दी, जिस पर निजामपुर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया, बल्कि उसे गिरफ्तार करने में भी देर नहीं लगाई। पुलिस ने आरोपित नयागांव निवासी करीब 28 वर्षीय आकाश को कोर्ट में पेश करने पर उसे नसीबपुर जेल भेज दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। उसकी मुलाकात उसके भाई की शादी में नयागांव के युवक से हुई थी। आरोपित उसके भाई का दोस्त है। एक शादी के दौरान ही युवक ने उससे उसका फोन नंबर लिया था। पीड़िता मुताबिक वह अपनी मां के मोबाइल फोन से उससे बात करने लगी। कुछ समय बाद आरोपित ने उसे बहला-फुसलाकर मिलने के लिए बुलाया। जब वह मिलने गई तो आरोपित उसे सरसों के खेत में ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी धमकी देकर ब्लैकमेल करता था।

---

**महेंद्रगढ़ में सरसों व बारदाना घोटाला**

# भाजपा शासन में भ्रष्ट तंत्र की खुली पोल

- हैफेड गोदाम से 4.12 करोड़ की 5531.60 क्विंटल सरसों व 11 लाख कीमत का बारदाना गायब होने का है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




हरिभूमि
हैफेड गोदाम से 4.12 करोड़ की 5531.60 क्विंटल सरसों व 11 लाख रुपये कीमत का बारदाना गायब

नारनौल। 19 मार्च को हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

राव नरेंद्र सिंह

**फॉलोअप**

महेंद्रगढ़ में सामने आए सरसों बारदाना घोटाले को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि यह मामला प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। राव नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि किसानों की मेहनत और हक के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि खरीद प्रक्रिया में ही घोटाले हो रहे हैं। बारदाना जैसी बुनियादी व्यवस्था में गड़बड़ी यह साबित करती है कि सिस्टम पूरी तरह से फेल हो चुका है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते पारदर्शिता बरती जाती और निगरानी मजबूत होती, तो इस तरह के घोटाले सामने नहीं आते। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस बीच महेंद्रगढ़ के किसानों में भी रोष देखा जा रहा है और वे निष्पक्ष जांच तथा पारदर्शी खरीद प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं। मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है, जिससे आने वाले दिनों में यह मुद्दा और गरमा सकता है।

### यह है मामला

हैफेड के कनीना क्षेत्र के उन्हाणी गोदामों में सरसों व बारदाना स्टॉक में भारी गड़बड़ी मिली थी। जहां तक सरसों की बात करें तो 5531.60 क्विंटल सरसों गायब होने से चार करोड़ 12 लाख 44 हजार 793 रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं 11 लाख 24 हजार 782 रुपये का बारदाना भी नहीं मिला। इस तरह सरसों व बारदाना की कमी के कारण हैफेड को चार करोड़ 23 लाख 69 हजार 575 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके पीछे वहां कार्यरत फील्ड इंस्पेक्टर (स्टोर) का नाम सामने आया थाप। इस बारे में हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने एसपी को लिखित शिकायत दी है। इस शिकायत पर केस दर्ज होने के बाद इकोनॉमिक सेल टीम ने जांच शुरू कर दी थी।

---

**सरकार ने 2 करोड़ 71 लाख रुपये की राशि की मंजूर**

# राता कलां से मानपुरा तक कृष्णावती नदी करेंगे रिचार्ज

**योजना पर दो वर्षों से कार्य चल रहा था और अब इसे तेजी से पूरा किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


सीताराम यादव, पूर्व विधायक।

अटेली-कनीना क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से कृष्णावती नदी के माध्यम से रिचार्ज की एक महत्वपूर्ण योजना अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। राता कलां से मानपुरा तक नदी के विकास और जल संचयन के लिए हरियाणा सरकार ने दो करोड़ 71 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। पूर्व विधायक सीताराम यादव ने एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि इस योजना पर पिछले दो वर्षों से निरंतर कार्य चल रहा था और अब इसे तेजी से पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए पूर्व कार्यकाल में तत्कालीन सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के माध्यम से दो बड़ी पाइपलाइन स्वीकृत करवाई गई थी। इनमें से एक पाइपलाइन भालखी से राता कलां के पास कृष्णावती नदी में मिलती है, जबकि दूसरी सुरजनवास खेड़ा से मानपुरा के पास आकर जुड़ती है।

इसके अलावा महासर गांव से एक अतिरिक्त वाटर चैनल भी तैयार किया गया है, जो ओवरफ्लो पानी को राता कलां के पास नदी में पहुंचाएगा। इन तीनों स्रोतों से पर्याप्त मात्रा में पानी नदी में आएगा, लेकिन वर्तमान में नदी की क्षमता इस पानी को समाहित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए नदी की खुदाई कर उसकी जल धारण क्षमता बढ़ाई जाएगी। साथ ही विभिन्न स्थानों पर जल भंडारण संरचनाएं विकसित की जाएंगी और पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए अवरोधकों चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नदी के मार्ग में आने वाले रास्तों को सुगम बनाने के लिए आवश्यक पुलिया एवं पार मार्ग भी बनाए जाएंगे।

### कई दर्जन गांवों के भूजल स्तर में होगा सुधार

पूर्व विधायक ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने से आसपास के कई दर्जन गांवों के भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। साथ ही जिन पंचायतों द्वारा भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी, वहां बड़े जोहड़ों का निर्माण कर रिचार्ज प्रक्रिया को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण और प्रबंधन को लेकर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी सहित सरकार का आभार जताते हुए बताया कि यह योजना क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

---

# पशिचमी विक्षोभ सक्रिय, आसमान में छाए बादल, किसानों की सांसें अटकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव व तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दोपहर से बादलों की आवाजाही देखने को मिली। वीरवार को जिले में बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी हुई। पश्चिमी व दक्षिणी पश्चिमी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। असर शुक्रवार रात्रि को हरियाणा के पश्चिमी व उत्तरी के साथ दक्षिणी जिलों में 20-25% हिस्सों में बिखराव वाली हल्की बारिश व बूंदाबांदी देखने को मिलेगी।

### तेज आंधी और हल्की बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि इसके अलावा एक नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मार्च को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान व हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर 28-31 मार्च के दौरान मेघगर्जन के साथ तेज आंधी और हल्की बारिश होने की संभावना है, साथ ही छिट-पुट ओलावृष्टि को नकारा नहीं जा सकता। जिसकी वजह से भारतीय मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमशः 30.0, 16.4 डिग्री सेल्सियस तथा 33.5, 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### फसलों को खुला में न रखें

किसानों को सलाह दी ताजी है कि खुले आसमान में पककर तैयार फसलों, कृषि मंडियों व धान मंडियों में खुले में रखे हुए अनाज को ढककर रखें या सुरक्षित स्थान पर भंडारण करें, ताकि उन्हें भीगने से बचाया जा सके। साथ ही जिन फसलों की कटाई नहीं हुई है, सिंचाई न करें।